PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार
Hindustan, Delhi
Fri, 26 May 2017, Page 11
Width: 17.24 cms, Height: 40.49 cms, a3, Ref: 32.2017-05-26.102

काशी में सुनाई देने लगी अच्छे दिनों की आहट

वाराणसी का अस्सी घाट। मोदी ने काशी में स्वच्छता अभियान यहीं से शुरू किया था।

वाराणसी | **मुख्य संवाददाता**

प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार 17 नवंबर 2014 को अपने संसदीय क्षेत्र काशी पहुंचे नरेंद्र मोदी ने जनता से विकास के कई वादे किए थे। तीन साल बीते चुके हैं। काशी की जनता से किए गए विकास के वादे की गाड़ी पटरी पर आ चुकी है तो कुछ वादे जमीन पर आने को तैयार हैं। यूं कहें तो काशी में अच्छे दिनों की आहट सुनाई देने लगी है।

परवान चढ़ा स्वच्छता अभियान : अस्सी घाट पर प्रधानमंत्री ने फावड़ा चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया था। तीन साल में कई संस्थाएं स्वच्छता के लिए आगे आईं। बनारस के घाटों व गलियों की सफाई की जिम्मेदारी संस्थाओं ने ली है। घर-घर से कूड़ा उठाने और उसके निस्तारण के लिए प्लांट लगाए गए हैं। यही कारण है कि बनारस स्वच्छता सर्वे में यूपी में पहले नंबर पर है। हालांकि अभी 70 फीसदी इलाकों में ही कूड़ा उठान एवं उसका निस्तारण हो पा रहा है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में शहर की सफाई व्यवस्था और बेहतर होगी।

रिंग रोड व एयरपोर्ट फोरलेन पर बढ़े कदम : डेढ़ दशक से लटकी रिंग रोड योजना पर तेजी से काम चल रहा है। 300 करोड़ की लागत से बन रहे रिंग रोड का काम 31 मार्च 2018 तक पूरा हो जाएगा। रिंग रोड तीन जिलों जौनपुर, गाजीपुर एवं आजमगढ़ से जुड़ेगा। इसके बनने के बाद शहर में बड़े वाहनों का दबाव कम होगा। वहीं बाबतपुर फोरलेन का निर्माण अगले साल मार्च तक पूरा होने की उम्मीद है।

गंगा की गंदगी बाकी

- गंगा को निर्मल बनाने की योजना अभी जमीन पर नहीं उतर पाई
- 14 स्थानों पर सीवर का पानी अभी भी गंगा में गिर रहा है।

जल परिवहन परियोजना

- बनारस से हल्दिया के बीच इस पर तेजी से काम हो रहा
- पिछले एक साल में आधा दर्ज से अधिक क्रूज से विदेशी पर्यटक शहर आए
- ट्रायल के तौर पर मालवाहक जहाज से 400 मीट्रिक टन ढुलाई
- अगले साल तक जल परिवहन सेवा के नियमित होने की उम्मीद

भूमिगत तारों पर तेज काम

- 572 करोड़ की लागत से बिजली के लाइन जमीन के अंदर बिछाने का काम चालू है
- 50 फीसदी काम पूरा हो चुका है, इस साल दिसंबर तक काम पूरा होने की उम्मीद